53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 24.6°c अधिकतम 34.8 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:08, सूर्यास्त - 6:13 | वर्ष : 53/अंक : 264 बुधवार, 24 सितम्बर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

दुनिया की सबसे अच्छी किताब हम स्वयं होते हैं, खुद को समझ लीजिए सब समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

आजम खान कोई सत्यग्रह करके जेल नहीं गये थे, जेल के दरवाजे उनके लिए अभी भी खुले हैं : राकेश त्रिपाठी



अखिलेश ने कह दिया.... हमारी सरकार बनेगी.... इनके सब मुकदमे वापस लेंगे.....

## ।। मौत उसकी है करे जिसका जमाना अफसोस, यूं तो दुनिया में सभी आये हैं मरने के लिए।।

# चतुर्दश पुण्यतिथि



# स्व. कॉमरेड एस.के. जैन जी

## (प्रख्यात बैंकिंग ट्रेड यूनियन लीडर)

## निर्वाण तिथि 24-09-2011

पूर्व अध्यक्ष : नगर पालिका परिषद, खतौली
पूर्व अध्यक्ष : श्री कुन्द-कुन्द जैन एजुकेशन एसोसिएशन, खतौली
संस्थापक सचिव : बैंक इम्पलाइज सेलरी अरनर्स को. क्रेडिट सोसाइटी लि., मु.नगर
संस्थापक सचिव : आवासीय कॉलोनी, प्रेम विहार एवं सुरेन्द्रनगर (अन्तर्गत आलोक सहकारी आवास समिति लिमिटेड, मुजफ्फरनगर)
पूर्व सचिव : नई मण्डी क्लब, मुजफ्फरनगर

"आपकी अविस्मरणीय स्मृति हमें हमेशा आपको हमारे साथ होने का आभास कराती है और मन में ऐसा आत्मविश्वास व शक्ति का संचार करती है कि हम मानव कल्याण के पथ पर बिना विचलित हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित होते रहते हैं। हम सब आपको भावभीनी श्रद्धाँजलि अर्पित करते हैं।"

☞ **श्री कुन्द-कुन्द जैन एजुकेशन एसोसिएशन, खतौली**
संजय जैन (प्रेम विहार) – अध्यक्ष; दीपक जैन – महामन्त्री

☞ **श्री कुन्द-कुन्द जैन पी.जी. कॉलेज, खतौली**
संजय जैन (प्रेम विहार) – अध्यक्ष; मुकेश कुमार जैन, एडवोकेट – मन्त्री

☞ **श्री कुन्द-कुन्द जैन इण्टर कॉलेज, खतौली**
समस्त स्टाफ

☞ **श्री कुन्द-कुन्द जैन कन्या उ.मा. विद्यालय, खतौली**
मनोज जैन (आढ़ती) – अध्यक्ष; शशांक कुमार जैन (महलका वाले) – प्रबन्धक

☞ **यू.पी. बैंक इम्पलाईज यूनियन, मुजफ्फरनगर**
यशवीर सिंह – अध्यक्ष; संजीव कुमार जैन – कोषाध्यक्ष; आर.पी. शर्मा – मंत्री

☞ **पी.एन.बी. पी.इम्पलाईज एसोसिएशन, मुजफ्फरनगर**
तेजराज गुप्ता – अध्यक्ष; रजनीश गुप्ता – कोषाध्यक्ष; अशोक कुमार शर्मा – मंत्री

☞ **बैंक इम्पलाईज सेलरी अरनर्स को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लि.**
आर.पी. शर्मा – अध्यक्ष; रविन्द्र सिंह – उपाध्यक्ष; राजीव जैन – सचिव

☞ **श्री के.के. जैन पब्लिक स्कूल, खतौली**
शशांक कुमार जैन (सर्राफ) – अध्यक्ष; वैभव जैन – प्रबंधक

☞ **आलोक सहकारी आवास समिति लिमिटेड, मुजफ्फरनगर**
आर.पी. शर्मा – संरक्षक; तेजराज गुप्ता – सभापति; राजेश शर्मा – उपसभापति; श्रीपाल सिंह पुण्डीर – सचिव

☞ **नई मण्डी क्लब (रजि.), वकील रोड, मुजफ्फरनगर**
सुरेन्द्र कुमार शर्मा एडवोकेट – अध्यक्ष; संजय जैन प्रेमविहार – मंत्री

☞ **प्रेम विहार कॉलोनी ट्रस्ट, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर**
राजीव जैन – अध्यक्ष; अतुल गर्ग – उपाध्यक्ष; तेजराज गुप्ता – कोषाध्यक्ष; आर.पी.शर्मा – सचिव

☞ **शिव मंदिर ट्रस्ट, प्रेमविहार, मुजफ्फरनगर**
देवव्रत त्यागी – अध्यक्ष; वी.के. शुक्ला – उपाध्यक्ष; अजीत त्यागी – कोषाध्यक्ष; रविन्द्र सिंह – सचिव

☞ **एशियन पब्लिशर्स, साईं विहार, मुजफ्फरनगर**
सत्यप्रकाश मित्तल (चेयरमैन)

तू जहाँ भी जायेगा
वहीं रौशनी लुटायेगा,
किसी चराग का अपना
मकाँ नहीं होता।

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 264 बुधवार, 24 सितम्बर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



## रामपुर तिराहाकांड : अगली सुनवाई 30 सितंबर

**मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)।** रामपुर तिराहाकांड में आज कोर्ट ने सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में दो महिला गवाहों को दोबारा गवाही के लिए सीबीआई ने तलब करने के लिए कोर्ट में प्रार्थना दिया है। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए 30 सितम्बर की तिथि नियत की है। वहीं सरकार बनाम ब्रजकिशोर में बचाव पक्ष ने अपनी बहस की, जबकि सरकार बनाम एसपी मिश्रा में कोई सुनवाई नही हुई। कोर्ट ने दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 26 सितम्बर की तिथि नियत की है। 1 अक्तूबर 1994 की रात पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। आरोप है कि पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ से हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए थे। उत्तराखंड सघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि कुछ माह पूर्व चमौली से आयी दो महिला गवाहों को दोबारा तलब करने के लिए 311 सीआरपीएस के अंतर्गत प्रार्थना पत्र कोर्ट में दिया है। एक गवाह महिला ने जिरह में अपने सामने दुष्कर्म होने की बात से इंकार कर दिया था, जबकि दूसरी महिला गवाह फोटो के जरिये मुल्जिम की गलत पहचान की थी। इस मामले में कोर्ट ने गवाहों को दोबारा तलब करने के निर्णय पर 30 सितम्बर की तिथि नियत की है। वही सरकार बनाम ब्रज किशोर मामले में कोर्ट में बचाव पक्ष ने अपनी बहस की, जबकि सरकार बनाम एसपी मिश्रा में कोई सुनवाई नहीं हो सकी। दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 26 सितम्बर की तिथि नियत की गई है।

# नहीं हो सकी लापता छात्र की बरामदगी, ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव





### पुलिस ने परिजनों से मांगे और 24 घंटे, तेज किया गया सर्च अभियान

**मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के अलीपुर कलां गांव के ग्रामीणों में मंगलवार को भी रोष देखा गया। विद्यालय से लापता छात्र की मांग को लेकर गांव के सैकड़ों ग्रामीण, जिला कलेक्ट्रेट पर इकट्ठा होकर धरने पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि, पुलिस पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बघरा से लापता हुए छात्र आर्यन की जल्द से जल्द बरामद कर परिजनों को सुपुर्द करें।

कक्षा 9 का 15 वर्षीय छात्र आर्यन पुत्र आतिश 19 सितंबर को अपने स्कूल से लापता हो गया। परिजनों का कहना है कि लापता होने से पहले रविवार को उसका पड़ोसी गांव नूनाखेड़ी के सहपाठी आकाश से उसका झगड़ा हुआ था। परिजनों के मुताबिक, आकाश ने आर्यन को बुरी तरह से पीटा, जिसकी फुटेज स्कूल के सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई। इस घटना के बाद प्रिंसिपल ने दोनों छात्रों को बुलाकर डांटा। परिजनों का आरोप है कि इसी डर से आर्यन हॉस्टल से बाहर चला गया। शाम करीब 6 बजे स्कूल प्रशासन ने आर्यन के लापता होने की सूचना उसके परिवार को दी। इसके बाद से ही परिवार और ग्रामीण हर संभावित जगह पर उसकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। आर्यन की मां इस दौरान कलेक्ट्रेट पर कई बार रोटी रोटी बेहोश भी हो गई परिजनों का आरोप है कि पुलिस इस मामले में गंभीरता से कार्रवाई नहीं कर रही है। जैसे ही धरने पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के कलेक्ट्रेट पर पहुंचने की सूचना पुलिस को मिली तो थाना सिविल लाइन पुलिस, सीओ रूपाली राव और एसपी देहात आदित्य बंसल भी तुरंत मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। हालांकि, परिजनों और ग्रामीणों ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब तक आर्यन की सकुशल बरामदगी नहीं हो जाती, तब तक वे अपना धरना समाप्त नहीं करेंगे। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कई टीमें गठित की हैं और आर्यन की तलाश में और तेजी से जुट गई है। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस के आश्वासन पर धरना समाप्त किया।

### आठों दिशा में दौड़ रही पुलिस की कई टीम, फिर भी लापता छात्र का सुराग नहीं

**मुजफ्फरनगर। स्कूल से लापता छात्र का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस की कई टीमें आठों दिशाओं में लगातार सीसीटीवी की खाक छान रही हैं, लेकिन उनके हाथ खाली हैं। जगाहेड़ी टोल प्लाजा, शामली रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सिनेमा, मॉल, होटल, आदि कई ऐसी लोकेशंस है जिन पर अब पुलिस सीसीटीवी के सहारे है। दूसरे दिन छात्र की बरामदगी नहीं होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे जल्द से जल्द अपने बेटे की सकुशल वापसी की लगातार गुहार लगा रहे हैं।**

# शोले के वीरू की तरह टॉवर पर चढ़ा प्रेमी, प्रेमिका के एक इशारे पर उतर गया नीचे

**मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)।** छपार थाना क्षेत्र का कासमपुर गांव सोमवार को एक बड़े हाईवोल्टेज ड्रामा का गवाह बना, जहां शोले के वीरू की तरह एक प्रेम दीवाना टॉवर पर चढ़ गया और नीचे परिजन उससे उतरने की गुहार लगाते नजर आए। छपार थाना क्षेत्र के कासमपुर गांव में सोमवार को एक फिल्मी नजारा देखने को मिला, जब एक प्रेमी अपनी प्रेमिका से शादी की मांग को लेकर मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। करीब दो घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे के दौरान गांव में हड़कंप मचा रहा। आखिरकार, पुलिस और परिजनों की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को नीचे उतारा जा सका। यह घटना सोमवार दोपहर की है। गांव का एक युवक अपनी प्रेमिका से शादी की जिद पर अड़ा था, लेकिन परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे। अपनी बात मनवाने के लिए उसने 'शोले' फिल्म के वीरू की तरह गांव के बाहर स्थित एक मोबाइल टॉवर पर चढ़ना शुरू कर दिया। देखते ही देखते वह काफी ऊंचाई तक पहुंच गया। जैसे ही इस बात की खबर गांव में फैली, मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। युवक के परिजन और ग्रामीण उससे नीचे उतरने की मिन्नतें करने लगे, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़ा रहा। सूचना मिलते ही छपार पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को लगातार समझाना शुरू किया और उसे सुरक्षित नीचे लाने का प्रयास किया। काफी देर तक चले समझाने-बुझाने के इस हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद, युवक को नीचे उतरने के लिए राजी किया गया। नीचे आने के बाद पुलिस युवक और उसके परिजनों को थाने ले गई और पूरी जानकारी ली।

पुलिस ने बताया कि, युवक अनुसूचित वर्ग से है जिसका नाम अर्जुन पुत्र धर्मसिंह है। अर्जुन अपनी प्रेमिका से मिलने की जिद में हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी परिजनों को दे रहा था। यह घटना गांव के जंगल के पास उस समय हुई, जब अर्जुन ने अपनी प्रेमिका के परिजनों के विरोध के बावजूद उससे मिलने की ठान ली। दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसका युवती के परिवार वाले कड़ा विरोध कर रहे थे। बताया जाता है कि युवती के परिजन उसकी शादी कहीं और तय करने में जुटे थे। इस बात से आहत अर्जुन ने सोमवार शाम करीब पांच बजे गांव के बाहर स्थित हाईटेंशन लाइन के खंभे पर फिल्मी अंदाज में लगभग 40 फीट की ऊंचाई पर चढ़कर हंगामा खड़ा कर दिया। उसने साफ कह दिया कि अगर उसे उसकी प्रेमिका नहीं मिली, तो वह अपनी जान दे देगा। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। अर्जुन का भाई अशोक और उसकी भाभी भी वहां पहुंचे और उसे नीचे उतरने की गुहार लगाने लगे, लेकिन अर्जुन अपनी जिद पर अड़ा रहा। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और अर्जुन को समझाने का प्रयास शुरू किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अर्जुन की प्रेमिका को भी घटनास्थल पर बुलवाया। इसके बाद करीब दो घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे में अर्जुन की जिद के आगे आखिरकार युवती और उसके परिजनों को झुकना पड़ा। लंबी बातचीत और समझाइश के बाद अर्जुन खंभे से नीचे उतरा। पुलिस ने उसे और उसकी प्रेमिका



को थाने ले जाकर आगे की कार्रवाई शुरू की। इस घटना से पहले गणमान्य लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की कोशिश की थी, लेकिन अर्जुन और युवती का प्रेम प्रसंग थमने का नाम नहीं ले रहा था। इस ड्रामे ने पूरे गांव में हर किसी के मुंह पर 1975 की फिल्म शोले की चर्चा थी, जिसमें वीरू भी प्रेमिका से शादी के टंकी पर चढ़ता है और नीचे से प्रेमिका उसकी बुलाती है और आखिरकार कह देती है कि हां मैं राजी हूं अब तो नीचे आजा।

# 23 महीने के बाद रिहा होकर रामपुर में पहुंचे आजम, बोले-पांच साल से राजनीति बिल्कुल दूर हूँ

**रामपुर, 23 सितंबर (एजेंसी)।** सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद सीतापुर जेल से रिहा हुए। रामपुर में अपने घर पहुंचे तो रास्ते में वे डीएसपी पर नाराज हो गए। आजम खान ने डीएसपी से कहा, मुसाफिरों को पुलिस परेशान कर रही है। आजम ने जेल से निकलने के बाद बसपा में जाने के सवाल पर कहा- यह अटकलें लगाने वाले ही बता सकते हैं। मैं जेल में किसी से नहीं मिला। फोन करने तक की इजाजत नहीं थी। अखिलेश ने कहा है कि सपा सरकार बनते ही आजम खान पर लगे सारे केस हटा दिए जाएंगे? मीडियाकर्मी के इस सवाल पर आजम चुप हो गए और मुस्कुरा दिए। आजम खान को 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दीं। 20 सितंबर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम पर 104 केस दर्ज हैं। दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला उन्हें लेने पहुंचे। वे 100 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से रामपुर के लिए रवाना हुए। आजम की रिहाई सुबह 9 बजे होनी थी, लेकिन एक केस में 6 हजार जुमानहीं भरा गया था। 10 बजे कोर्ट खुलने पर यह रकम जमा हुई। इसके बाद 12.30 बजे उनकी रिहाई हुई। आजम काला चश्मा, काली सदरी और सफेद कुर्ता पहने कार में ही बैठकर जेल से बाहर आए। हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्हें लेने के लिए मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने 73 कार्यकताओं की गाड़ियों का चालान भी काटा। कहा- ये सब नो पार्किंग जोन में खड़ी थीं।



### मैं किसी के संपर्क में नहीं था

**रामपुर।** आजम खान के जेल से रिहा होने के बाद से तमाम तरह की चर्चाएं चलने लगी हैं। एक चर्चा जोरों पर है कि आजम खान बहुजन समाज पार्टी में जा सकते हैं। फिलहाल आजम खान के जेल से रिहा होने के बाद सूबे की राजनीति गरमा गई है। जेल से बाहर आते ही आजम खान ने कहा कि आजम खान ने कहा कि सबका बहुत शुक्रिया। बहुत सी दुआएं उनके लिए जिन्होंने समर्थन दिया। वहीं, बहुजन समाज पार्टी में शामिल होने की अटकलों पर आजम खान ने कहा कि यह केवल वही लोग बता सकते हैं, जो अटकलें लगा रहे हैं। आजम ने साफ-साफ कहा कि मैं जेल में किसी से नहीं मिला। मुझे फोन करने की इजाजत नहीं थी, इसलिए मैं पूरी तरह से बाहर के संपर्क में नहीं रहा। वहीं दुसरी तरफ बीजेपी के लोगों की भी प्रतिक्रिया सामने आई हैं। आजम खान को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपनी प्रतिक्रिया दे दी है। केशव मौर्य ने कहा कि मोहम्मद आजम खान चाहें सपा में रहें या बसपा में जाएं। सपा-बसपा दोनों की 2027 में हार का मातम तय है।

# पुत्री के साथ दवाई लेने निकली ब्यूटी पार्लर संचालिका ने गंग नहर में लगाई छलांग

**भोपा, 23 सितम्बर (बु.)।** पुत्री को साथ लेकर दवाई लेने के लिए घर से निकली भोपा थानाक्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी ब्यूटी पार्लर संचालिका ने गंग नहर पर पहुंचकर निरगाजनी झाल में छलांग लगा दी। घटना के बाद डरी सहमी उसकी पुत्री ने मामले की सूचना अपने परिजनों को दी। सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे और महिला की तलाश कराई, लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी मोनिका 35 वर्ष ने अपने घर में ही ब्यूटी पार्लर खोल रखा है। मंगलवार सुबह वह अपनी नौ वर्षीय पुत्री जिया को साथ लेकर दवाई लेने के लिए घर से निकली थी। परिजनों के अनुसार वह पुत्री के साथ बस में सवार होकर भोपा थाना क्षेत्र की सीकरी चौकी के पास निरगाजनी झाल पर पहुंची और देखते ही देखते अज्ञात कारणों के चलते झाल के पुल से गंग नहर में छलांग लगा दी। उसकी पुत्री जिया ने जब यह मंजर देखा तो उसकी चीख निकल गई और उसने घर वापस पहुंचकर मामले की जानकारी अपने पिता और परिजनों को दी। सूचना पर परिजन और पुलिस में हड़कंप मच गया और सभी आनन-फानन में झाल की ओर दौड़ पड़े। पुलिस ने दो गोताखोरों को बुलाकर महिला की तलाश कराने का प्रयास किया, लेकिन महिला का कुछ पता नहीं चल सका। महिला द्वारा घातक कदम उठाए जाने से पति बालेंद्र, ससुर संतरपाल, सास सुशीला और पुत्री जिया, पारुल व पुत्र आरव का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मोनिका की शादी लगभग 15 वर्ष पहले गांव में ही हलवाई की दुकान करने वाले बालेंद्र उर्फ कन्हैया से हुई थी। मोनिका काफी समय से बीमार चल रही थी, जिसकी दवाई लेने वह मुजफ्फरनगर जाया करती थी। उसके द्वारा प्राणघातक कदम उठाए जाने से हर कोई हैरान है। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंचे मोनिका के पिता मवाना खुर्द निवासी सुक्के, माता राकेश और भाई मोहित ने ससुराल पक्ष पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। भोपा पुलिस पीएसी के गोताखोरों द्वारा महिला की तलाश में जुटी हुई है।



### माँ दुर्गा की तृतीय शक्ति

**।।चन्द्रघण्टा।।**



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।

शेष - पृष्ठ-4 पर

# खाद्य विभाग की टीम ने मारा चरथावल क्षेत्र में छापा

**मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर (बु.)।** त्योहारी सीजन के बीच खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सड़कों पर उतरकर इस बीच मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष छापामार अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेश के क्रम में आगामी पर्वों से नवरात्रि, दशहरा पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर व्रत की मिठाइयों, दुग्ध उत्पाद, घी, कुट्टू एवं सिंघाड़े का आटा व अन्य फलाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु विगत दिवस अर्चना धीरान, सहायक आयुक्त खाद्य जनपद मुजफ्फरनगर तथा शिव कुमार मिश्रा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देशन में विशेष छापामार अभियान चलाया गया। छापामार अभियान के दौरान टीम द्वारा नमूने संग्रहीत किए गए।खाद्य विभाग की टीम की उक्त कार्रवाई के बीच चरथावल के भूरा हलवाई से बर्फी के नमूने, मनीष प्रोविजन से सामक के चावल, सरसों का तेल के सैंपल लिए गए। वहीं अंसारी ट्रेडिंग कंपनी से बादाम गिरी के नमूने लिए गए। इस दौरान कुल 04 नमूने संग्रहित कर विभागीय टीम ने खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को जांच हेतु प्रेषित किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब्त किए नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। छापेमारी के दौरान टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वैभव शर्मा, सुनील कुमार तथा मनोज कुमार आदि सम्मिलित रहे।



### बागपत में बिना अनुमति जुलूस 150 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बागपत, 23 सितंबर (एजेंसी)।** बागपत के रटौल कस्बे में मुस्लिम समाज के लोगों ने बिना अनुमति के 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर लेकर जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल लोगों ने नारेबाजी की। जब पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा तो जुलूस में शामिल लोगों से नोकझोंक हुई। घटना खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के रटौल कस्बे की है। मुस्लिम समाज के लोगों ने देर रात बिना अनुमति के जुलूस निकाला। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किसी को भी बिना अनुमति के जुलूस नहीं निकलने दिया जाएगा। पूरे मामले की विवेचनात्मक कार्रवाई जारी है। पुलिस ने जुलूस को रोक दिया और अनुमति लेने के बाद ही जुलूस निकालने की बात कही। पुलिस ने वीडियो ग्राफी के माध्यम से जुलूस में शामिल लोगों को चिन्हित किया। इसके बाद दो नामजद व्यक्तियों सहित 150 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया।

## कलेक्ट्रेट में जमकर कटे आगंतुकों के चालान

**मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)।** यातायात पुलिस के द्वारा नगर मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार कचहरी परिसर में गलत तरीके से वाहन चालकों के द्वारा दो पहिया वाहन खड़े कर दिए जाते थे और वह मार्ग बाधित करते थे उनके विरुद्ध बार एसोसिएशन के सहयोग से चालान की कार्रवाई यातायात पुलिस के द्वारा प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में की गई है। इस अभियान मे मंगलवार को 210 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही यातायात पुलिस मुजफ्फरनगर के द्वारा की गई है। इस दौरान यातायात पुलिस मुजफ्फरनगर ने सभी कचहरी में आने वाले वाहन चालकों से अपील भी की है कि कृपया अपने वाहन पार्किंग में ही पार्क करें। यातायात पुलिस के द्वारा इस कार्रवाई की इस दौरान प्रशंसा आम जनता के द्वारा भी की गई।



# सीबीआई अधिकारी बनकर हजारों की ऑनलाइन ठगी

### हाउस अरेस्ट कर ठगों ने युवती की शादी की रकम उड़ाई

**मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)।** शिवलोक कॉलोनी में ऑनलाइन ठगी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर



एक युवती को धमकाया और उसके साथ 61 हजार रुपयों की ठगी की। यह रकम उस युवती ने अपनी शादी के लिए बचाकर रखी थी। मामला तब उजागर हुआ जब पीड़ित मां-बेटी ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित युवती पायल ने बताया कि ठगों ने उसको कॉल किया और उसे बताया कि



उसकी रुपए 60 लाख की बिलिंग पर 75 हजार का टैक्स बकाया है। जब पायल ने इस बारे में जानकारी मांगी, तो ठगों ने उसे हाउस अरेस्ट करने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। उन्होंने पायल को डराने के लिए कुछ मारपीट के वीडियो भी भेजे और कहा कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो उसका भी यही हाल होगा। ठगों के लगातार दबाव और धमकियों से डरकर पायल ने तुरंत 61 हजार उनके बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। यह पैसा उसकी शादी के लिए था, जिसे उसके पिता की मौत के बाद जमा किया गया था।

**मां ने दिखाई हिम्मत, ठगों की वीडियो कॉल की दूसरे फोन से बनाई वीडियो**

**मुजफ्फरनगर।** जब पायल की मां रीना को इस धोखाधड़ी के बारे में पता चला, तो उन्होंने हिम्मत दिखाई। उन्होंने ठगों के साथ वीडियो कॉल पर बात की और दूसरे फोन से उसकी रिकॉर्डिंग कर ली। इसके बाद उन्होंने साइबर सेल और नई मंडी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और इसमें लापरवाही बरती। कई दिनों तक कोई कार्रवाई न होने पर हताश होकर, मां-बेटी ने एसएसपी कार्यालय का रुख किया।

**एसपी सिटी ने दिया जांच का आदेश**

**मुजफ्फरनगर।** पीड़ित मां-बेटी ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एक लिखित शिकायत सौंपी और अपनी आपबीती सुनाई। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें आश्वासन दिया है कि इस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। यह घटना एक बार फिर साइबर अपराधियों की बढ़ती सक्रियता और उनके नए तरीकों को उजागर करती है। लोगों को ऐसे धोखेबाजों से सावधान रहने और किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की सलाह दी जाती है।



# खतौली में स्व. कॉमरेड सुरेन्द्र जैन की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन आज

## श्री कुंद कुंद जैन इंटर कॉलेज में त्रयोदश शिविर की पहल

**मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर (बु.)।** वास्तव में हमारे द्वारा किए रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचती है। जीवन में रक्तदान का कितना महत्व है इसका अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। ऐसे में रक्तदान करके जहां हम एक ओर किसी की जान बचाते हैं, वहीं दूसरी ओर इससे एक आत्म संतुष्टि भी मिलती है। वर्तमान में कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं, जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। ऐसे में हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

इन्हीं पवित्र भावनाओं के बीच बुधवार 24 सितम्बर को श्री कुन्द कुन्द जैन इण्टर कॉलेज खतौली जनपद मुजफ्फरनगर के संयोजक गौरव जैन, सह संयोजक मीनाक्षी जैन व



प्रधानाचार्य अनुराग जैन के साथ शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारी रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे है। रक्तदान महादान एवं रक्तदान जीवन दान के संकल्प के बीच श्री कुन्द कुन्द जैन इंटर कॉलेज खतौली की ओर से बुधवार 24 सितम्बर को खतौली व मुजफ्फरनगर की जैन शिक्षण संस्थाओं में आजीवन विभिन्न पदों पर सुशोभित रहते हुए इन संस्थाओं की बहुआयामी प्रगति में निरन्तर प्रेरणास्रोत रहे जनपद के सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व स्व. कामरेड सुरेन्द्र कुमार जैन, प्रख्यात अखिल भारतीय बैंकिंग ट्रेड यूनियन लीडर, पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद एवं श्री कुन्द कुन्द जैन एजु. एसो. खतौली, जनपद मुजफ्फरनगर की मधुर स्मृति में उनकी पुण्य तिथि के अवसर पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री कुन्द कुन्द जैन इंटर कॉलेज, खतौली विद्यालय परिवार की ओर से त्रयोदश विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रहा है। शिविर में पंजीकरण प्रातः 08:30 बजे और रक्तदान प्रारम्भ प्रातः 09 बजे से प्रांरभ होगा। आयोजन समिति ने लोगों से इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेते हुए रक्तदान करने का आह्वान किया।

# बाप नंबरी, बेटा दस नंबरी, महिलाओं के सर पर थूकने वाले जावेद हबीब के बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप, डेढ़ सौ शिकायतें दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)।** वो कहावत तो आपने सुनी ही होगी कि बाप नंबरी तो बेटा दस नंबरी। बाप ने पूरे देश में ही नहीं विदेश तक में बाल काटने वाले नाइयों में सबसे ऊपर न कमाया मगर ऊंचाई पर जाने के बाद भी नीचता की सारी हदें तब पार कर दी जब बड़ौत की एक महिला के सर पर थूक दिया था। इसकी असली मानसिकता का पता तभी दुनिया को चला, उक्त मामले में भी मुकदमा दर्ज हुआ मगर अभी तक सजा किसी प्रकार की नहीं मिली है। मगर पूरे देश ओर दुनिया को यह पता लग गया है कि नीच लोग एवम् थूक के नाम पर जहर घोलने वाले कितनी ही ऊंचाई पर क्यों ना पहुंच जाएं, मगर मानसिकता सांप्रदायिकता फैलाने की ही रहती है बड़ौत की जिस महिला पर जलील जावेद हबीब ने थूका था। वह इसी मानसिकता के चलते थूका था कि महिला दूसरे संप्रदाय की थी। मगर अब ताजा मामला उसके बेटे का आने आया है, जिसमें एक नहीं डेढ़ सौ शिकायतें शिकायतकर्ताओं द्वारा कराई गई है। जावेद हबीब और उनके बेटे जफर हबीब के खिलाफ कथित तौर पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने फ्रेंचाइजी देने के नाम पर




सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की है। शिकायतकर्ताओं की संख्या 150 से अधिक है। यह मामला तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ई.ओ. डब्ल्यू को कई लोगों से शिकायतें मिलीं। शिकायतों के अनुसार, जावेद हबीब हेयर एंड ब्यूटी लिमिटेड और जावेद हबीब सलून प्राइवेट लिमिटेड ने लोगों को अपनी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने का लालच दिया। इसके लिए, उन्होंने फ्रेंचाइजी लेने वाले लोगों से मोटी रकम ली। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कंपनी ने उन्हें झूठे वादे दिए, जैसे कि सैलून के लिए आकर्षक लोकेशन, पर्याप्त मार्केटिंग सहायता, और ब्रांड का समर्थन। हालांकि, पैसे लेने के बाद कंपनी ने इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं किया। कई फ्रेंचाइजी मालिकों ने बताया कि उन्हें न तो ब्रांड की तरफ से मदद मिली और न ही उनके सैलून चले। जब उन्होंने कंपनी से संपर्क करने की कोशिश की, तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। पुलिस के अनुसार, कंपनी ने अचानक अपने कार्यालय बंद कर दिए और कथित तौर पर भाग गए। इससे फ्रेंचाइजी मालिकों को भारी नुकसान हुआ। फिलहाल, पुलिस ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक साजिश की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जावेद और उनके बेटे जफर से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। इस घटना ने उन लोगों में निराशा पैदा कर दी है जिन्होंने जावेद हबीब जैसे बड़े ब्रांड पर भरोसा किया था। यह मामला उन लोगों के लिए एक चेतावनी भी है जो फ्रेंचाइजी लेने का विचार कर रहे हैं।

# हाईवे पर रहे सावधान, तेज गति ले सकती है आपकी जान : यातायात पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)।** यातायात पुलिस द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुगम बनाने तथा हाईवे पर ओवर स्पीड से चलने वाले वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात ऋषिका सिंह एवं यातायात प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में लगातार प्रयासरत है। मंगलवार को यातायात प्रभारी राकेश कुमार एवं उपनिरीक्षक यातायात तरुण कुमार एवं मुख्य आरक्षी यातायात राहुल तेवतिया के द्वारा हाईवे पर अत्यधिक स्पीड से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। ओवर स्पीड से चलने वाले 36 वाहनों के चालान स्पीड रडार के माध्यम से किए गए। इस दौरान यातायात पुलिस ने मुजफ्फरनगर के सभी वाहन चालकों से यह अपील भी की है कि कृपया गति सीमा जो निर्धारित की गई है उसी में वाहन चलाएं। ओवर स्पीड से होने वाली दुर्घटनाओं से बचें।



# डिप्टी मैनेजर हत्याकांड में पुलिस मुठभेड़ में दो और गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर/छपार, 23 सितंबर (बु.)।** छपार पुलिस ने डिप्टी टोल मैनेजर हत्याकांड में दो और हत्यारोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक आरोपी पुलिस की गोली का शिकार भी हुआ। ओर दूसरे साथी को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से एक बाइक व दो तमंचे बरामद किए है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि विगत गुरूवार की रात छपार टोल प्लाजा के डिप्टी टोल मैनेजर अरविंद पांडेय की अपहरण के बाद हत्या मामले में एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। देर रात छपार पुलिस को सूचना मिली कि रोहाना खामपुर गांव के पास महरायपुर कट के पास दो बदमाश बाइक लेकर खडे हुए हैं। छपार थाना प्रभारी मोहित कुमार



अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस की घेराबंदी होने पर उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में डिप्टी टोल मैनजर की हत्या करने वाला आरोपी शिवम उर्फ शिव निवासी मोहम्मदपुर रायसिह थाना भौराकलां पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके साथी वीशू उर्फ विस्तार निवासी मोहम्मदपुर रायसिंह को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने दो तमंचे व एक बाइक बरामद की है। घायल बदमाश टोल के डिप्टी मैनेजर की हत्या का मुख्य आरोपी है। इससे पूर्व हत्याकांड से जुडे चार आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब ये संख्या कुल छह हो गई है।

## दुर्गा पूजा से पहले भारी बारिश से 7 की मौत

**कोलकाता, 23 सितंबर (एजेंसी)।** कोलकाता और इसके आसपास के इलाकों में मंगलवार को रात भर हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। भारी बारिश की वजह से शहर में पांच लोगों की मौत हो गई है। सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात, रेल और मेट्रो सेवाओं में रुकावट और आम गतिविधियां ठप सी हो गई है। बारिश से कई घरों और रिहायशी इलाकों में पानी घुस गया, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया। पांच लोगों की मौत की खबर ने इस आपदा को और भी गंभीर बना दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है कि उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण दक्षिण बंगाल के कई जिलों में और भारी बारिश हो सकती है। शहर में गारिया कमदहारी में कुछ ही घंटों में 332 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि जोधपुर पार्क में 285 मिमी और कालीघाट में 280 मिमी बारिश हुई।

# मोहनलाल को मिला दादा साहब फाल्के पुरस्कार, शाहरुख खान बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, करियर का पहला नेशनल पुरस्कार

**नई दिल्ली, 23 सितंबर (एजेंसी)।** सुपरस्टार मोहनलाल को मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से देश के सर्वोच्च फिल्म सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिस पर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में बोलते हुए, केरल के इस अभिनेता ने पूरे मलयालम सिनेमा जगत का आभार व्यक्त किया और यह पुरस्कार उन्हें समर्पित किया। उन्होंने इसे फिल्म उद्योग की "विरासत", "रचनात्मकता" और "लचीलेपन" के प्रति सामूहिक श्रद्धांजलि बताया। मोहनलाल ने कहा, "यह क्षण केवल मेरा नहीं है; यह पूरे मलयालम उद्योग का है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि यह दिन सच होगा, और मैं इस पुरस्कार को हमारे उद्योग के अग्रदूतों और हमारे प्रशंसकों की ओर से स्वीकार करता हूँ।" उन्होंने निर्णायक मंडल के सदस्यों और भारत सरकार का भी धन्यवाद किया। वहीं दुसरी और फिल्म उद्योग में 30 से ज्यादा सालों के बाद, बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को आखिरकार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शाहरुख को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेता के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया। शाहरुख को एटली निर्देशित फिल्म 'जवान' में उनके अभिनय के लिए यह पुरस्कार मिला, जो सितंबर 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उन्होंने विक्रांत मैसी के साथ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार साझा किया, जिन्हें '12वीं फेल' के लिए यह सम्मान मिला। प्रतिष्ठित 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में काले सूट पहने शाहरुख बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर उनकी मैनेजर पूजा ददलानी भी मौजूद थीं। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेताओं की घोषणा अगस्त में की गई थी, जिसमें शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेता का पुरस्कार मिला था।



## काशीपुर में जुलूस के दौरान बवाल, उपद्रवियों ने पुलिस पर किया पथराव, गाड़ी का शीशा टूटा

**काशीपुर, 23 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जिले के काशीपुर में रविवार देर रात को बड़ा हंगामा हो गया। मोहल्ला अल्ली खां में निकाले जा रहे जुलूस के दौरान अचानक स्थिति बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान उपद्रवियों ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव किया। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। पुलिस की जानकारी के मुताबिक, काशीपुर के मोहल्ला अल्ली खां में मुस्लिम समाज के सैकड़ों युवक जुलूस निकाल रहे थे। इसी बीच किसी बात को लेकर वहां पर माहौल खराब हो गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने उपद्रवियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी पुलिस की सुनने को तैयार नहीं था। इसी बीच कुछ उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव से पुलिस की गाड़ी से शीशे भी टूट गया। बताया जा रहा है कि इस बीच पुलिस और उपद्रवियों के बीच झड़प भी हुई थी। एक सिपाही के घायल होने की भी खबर है। मामला बिगड़ता देख आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस फोर्स भी बुलाई गई। सीओ दीपक सिंह के नेतृत्व में पहुंची अतिरिक्त पुलिस फोर्स ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठियां फटकारी। लाठीचार्ज के बाद युवक इधर-उधर भाग खड़े हुए। फिलहाल मोहल्ले अल्ली खां में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। काशीपुर और आसपास के थाना क्षेत्रों से पुलिस बल बुलाकर तैनात कर दिया गया है, ताकि दोबारा स्थिति न बिगड़े। बिना अनुमति के निकाला गया था जुलूसः एसपी अभय सिंह ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि नदीम अख्तर नाम के व्यक्ति ने बिना प्रशासनिक अनुमति के जुलूस निकला था।

# स्कूल गेट पर रोडवेज की अवैध पार्किंग से चेयरपर्सन खफा

## एआरएम रोडवेज को भेजा पत्र, बसें न हटवाने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर (बु.)।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के मुख्य द्वार के सामने रोडवेज बसों के अवैध ठहराव व पार्किंग पर नाराजगी जताते हुए पालिका चेयरपर्सन ने रोडवेज के एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा को चेतावनी पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि विद्यालय गेट पर बसों के रुकने से बच्चों और अभिभावकों की जान जोखिम में पड़ रही है और यदि तुरंत इस पर रोक नहीं लगाई तो विभागीय व विधिक कार्रवाई की जाएगी। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की ओर से एआरएम को भेजे पत्र में उल्लेख किया है कि रोडवेज बस चालक अक्सर एसडी पब्लिक स्कूल गेट के समक्ष ही सवारियां चढ़ाने और उतारने के लिए बसों को लंबे समय तक खड़ा करते हैं, जिससे वहाँ गंभीर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। छोटे-छोटे बच्चों के लिए सड़क पार करना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। मीनाक्षी स्वरूप ने कहा है कि स्थानीय नागरिकों, बच्चों के अभिभावकों और व्यापारियों द्वारा इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन रोडवेज प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में विद्यालय गेट के सामने किसी भी बस का अवैध ठहराव पाया गया तो चालकों के साथ ही रोडवेज विभाग के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। चेयरपर्सन द्वारा भेजे गए पत्र की प्रतिलिपि डीएम, एसएसपी, डीआईओएस के साथ संबंधित थाना प्रभारी को भी भेजी गई है, ताकि बच्चों की सुरक्षा के लिए उनके स्तर से इस



समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि कई बार लोगों ने उनसे मिल कर रोडवेज बसों के चालकों द्वारा पब्लिक स्कूल से लेकर साईं धाम मंदिर तक बसों को सड़क पर अवैध रूप से खड़ा करने की शिकायत की है, इसके लिए पूर्व में मामला पुलिस एवं प्रशासन के समक्ष भी गया।

# श्री कदीम अग्रवाल सभा ने मनाई अग्रसेन जी की जयंती

**मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर (बु.)।** श्री कदीम अग्रवाल सभा अबूपुरा द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती कार्यक्रम धर्मशाला में बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष सौरभ स्वरूप बंसल बंटी व संचालन मंत्री अनिल तायल ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप पालिका चेयरपर्सन, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप और वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. मनोज काबरा, डॉ. यश अग्रवाल यूरो लॉजिस्ट, दिनेश बंसल महामंत्री संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा, प्रमोद मित्तल अध्यक्ष वैश्य सभा मौजूद रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम हवन-आरती के बाद महाराजा अग्रसेन जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सभी अतिथियों का पटका और माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष सौरभ स्वरूप बंसल ने कहा कि वैश्य समाज को एकजुट करने के लिए हम तत्पर है। वहीं मंत्री अनिल तायल व भवन मंत्री पवन बंसल ने अग्रसेन महाराज जी के चरणों में नमन करते हुए सभी आगंतुकों का धन्यवाद



किया। इस बीच मुख्य अतिथियों ने सभा के कार्यों का उल्लेख कर कार्यों को सराहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप बंसल, अनिल बंसल, बॉबी सभासद, जयपाल बंसल, जितेंद्र कुमार, अमित कुमार, विजय चिंटू, नरेश गर्ग, दिनेश गुप्ता, शिवकुमार सिंघल, हिमांशु गोयल, आस्था बंसल, सत्य प्रकाश, तरुण मित्तल, ऋत्विक मोहन तायल, अशोक, सुनील तायल, दिनेश गुप्ता, शिवकुमार, सुनील सिंघल, जनार्दन स्वरूप गर्ग, सुरेश सिंघल, अभिषेक गोयल, हरेंद्र गोयल, मयंक बंसल, सुशील बंसल, कुलदीप गोयल, अरविंद गोयल, दीपक मित्तल, देवेंद्र गर्ग, शिवकुमार सिंघल, विपिन गोयल, प्रवीण गुप्ता, सत्य प्रकाश, हरीश मित्तल, कृष्ण कुमार गर्ग, अशोक सिंगला, सुनील सिंघल, नवीन कुमार, हिमांशु गोयल, अनिल लोहिया, हरिमोहन, सुनील सिंघल, अंकित गर्ग, अनिल बंसल, अमित अग्रवाल बंटी, श्रवण मित्तल, रामभूल गर्ग, मोहन लाल गुप्ता, सचिन गुप्ता, नवीन बंसल, अंकुर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अलीगढ़ में 4 दोस्तों समेत 5 की जिंदा जलकर मौत, तेज रफ्तार सीएनजी कार का टायर फटा, डिवाइडर तोड़ते हुए कैंटर से टकराई

**अलीगढ़, 23 सितंबर (एजेंसी)।** अलीगढ़ में हाईवे पर चार दोस्त समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यहां 100 की स्पीड से जा रही सीएनजी कार का अचानक टायर फट गया। इससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे साइड से जा रहे कैंटर से जा टकराई। राहगीरों ने एक कार



सवार को खींचकर बाहर निकाला। इसके बाद तेज धमाका हुआ, फिर दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के दौरान कार में 5 लोग सवार थे। इनमें चार लोग और कैंटर चालक जिंदा जल गए। कार चला रहे लड़के का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंची। 20-25 मिनट में आग बुझाई गई। इसके बाद पुलिस ने देखा तो शवों के सिर्फ कंकाल बचे थे। बॉडी बैग में पुलिस सभी शवों को भरकर ले गई। मरने वालों में दो मौसेरे भाई थे। पुलिस के मुताबिक, सभी कार सवार हाथरस के रहने वाले थे, जो आपस में दोस्त थे। कार एटा से अलीगढ़, जबकि कैंटर अलीगढ़ से एटा की तरफ जा रहा था। हादसा अकराबाद थाना क्षेत्र के गोपी पुल के पास मंगलवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शी सत्यभान ने बताया कि बेकाबू कार रॉन्ग साइड से कैंटर में टकराई। मैं दौड़कर वहां पहुंचा। कार से एक लड़के को




खींचकर बाहर निकाला। जब तक दूसरे लोगों को बाहर निकालते, दोनों वाहनों में धमाके के साथ आग लग गई। मेरे सामने सभी लोग जिंदा जल गए। कार देखकर हाईवे से जा रहे राहगीर रुक गए। हम लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। 10-15 मिनट बाद पुलिस फोर्स फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची। इसके बाद आग बुझाई गई।

## यातायात पुलिस का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

**मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशानुसार, यातायात पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी यातायात ऋषिका सिंह और यातायात प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को शहर के कई प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाया गया। यह अभियान भोपा रोड़ से शुरू होकर रेलवे रोड, रोडवेज बस अड्डा, एस.डी. तिराहा, प्रकाश चौक, अंबेडकर तिराहा, दवा मंडी बाजार (सदर), झांसी रानी चौक से हनुमान धाम, नीली शिवमूर्ति और मालवीय चौक तक चलाया गया। थाना सिविल लाइन के सहयोग से उन सभी जगहों से अतिक्रमण हटाया गया, जहाँ इसे दोबारा स्थापित कर दिया गया था। इस दौरान यातायात पुलिस ने मुजफ्फरनगर के सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे सड़कों पर अतिक्रमण करके यातायात को बाधित न करें और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। इस अभियान को सफल बनाने वाली टीम में उपनिरीक्षक यातायात देवकीनंदन और तरुण कुमार सहित पूरी यातायात पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# ड्यूटी के दौरान सोने पर बुढ़ाना के बायवाला चौकी प्रभारी निलम्बित

## तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू

**मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जिले के बुढाना थाना क्षेत्र की बायवाला पुलिस चौकी के प्रभारी कृष्णपाल को ड्यूटी के दौरान सोते हुए पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई एसपी देहात आदित्य बंसल की जांच रिपोर्ट के बाद की गई है। इसके अलावा, चौकी पर मौजूद तीन अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी लापरवाही बरतने के आरोप में विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। यह घटना सोमवार देर रात की है, जब एसपी देहात आदित्य बंसल पुलिस गश्त और सक्रियता का जायजा लेने के लिए बुढ़ाना सर्किल के थानों और चौकियों का औचक निरीक्षण कर रहे थे। रात लगभग 1 बजे, जब वह बायवाला पुलिस चौकी पर पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि चौकी प्रभारी कृष्णपाल अपने क्षेत्र में गश्त करने के बजाय चौकी में सो रहे थे। उनके साथ तीन अन्य पुलिसकर्मी भी चौकी पर मौजूद थे। एसपी देहात ने इस गंभीर लापरवाही की जानकारी तुरंत एसएसपी को दी। एसपी देहात की रिपोर्ट के आधार पर, एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि रात्रि ड्यूटी में घोर लापरवाही बरतने के कारण चौकी प्रभारी कृष्णपाल को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, चौकी पर बिना वजह मौजूद तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी जांच के आदेश दिए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस प्रशासन द्वारा ड्यूटी में अनुशासन और सक्रियता बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।






# सीएमओ ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण



**मुजफ्फरनगर, 23 सितम्बर (बु.)।** सीएमओ सुनील तेवतिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चरथावल तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, दधेडू का औचक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, दवा की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पतालों की साफ-सफाई व्यवस्था, पंजीकरण कक्ष, ओपीडी सेवाओं तथा आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की इस बीच उपलब्धता का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों और कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनकी उपस्थिति दर्ज करते हुए कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर पंजीकरण व उपचार की सुविधा उपलब्ध हो। किसी भी मरीज को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को बाहर से दवाएँ न खरीदनी पड़ें। वहीं प्रसव और आपातकालीन सेवाओं को इस बीच विशेष प्राथमिकता दिए जाने पर भी बल दिया गया। डॉ. तेवतिया ने कहा कि इन सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही मरीज और परिजनों के लिए गंभीर हो सकती है, ऐसे में इन्हें पूर्ण जिम्मेदारी से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि गंदगी या अव्यवस्था मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के संदर्भ में उन्होंने निर्देशित किया कि आयुष्मान भारत योजना व अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से अपेक्षा जताई कि वे अपनी टीमों के साथ नियमित बैठक करें व स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत करें।

# मंगल पैठ बाजार के जाम में फंसने से बीमार महिला तक नहीं पहुँची एम्बुलेंस, हालत बिगड़ने पर मेरठ रैफर

**▶▶ गंभीर हालत के चलते महिला आईसीयू में भर्ती ▶▶ पैठ बाजार का स्थान बदलने की मांग**

**मीरापुर, 23 सितम्बर (बु.)।** नगर पंचायत की बैठक में सर्वसम्मति से मंगल पैठ बाजार का स्थान परिवर्तित हो जाने के बाद भी पड़ाव चौक में जबरन भरे जा रहे पैठ बाजार के जाम के चलते एक बीमार महिला को उपचार के लिए ले जाने वाली एम्बुलेंस समय पर न पहुँचने पर महिला की हालत बिगड़ गयी। गंभीर हालत में महिला को मेरठ रैफर किया गया। लोगों ने मंगल पैठ बाजार का स्थान बदलने की मांग की है।



मीरापुर में लगने वाले मंगल पैठ बाजार के जाम में फंसकर कई हादसे हो चुके हैं। करीब दो वर्ष पूर्व जाम में फंसने के चलते उपचार न मिलने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई थी, जिसके बाद लोगों ने मंगल पैठ को यहाँ से हटाने की मांग की थी, जिस पर नगर पंचायत बोर्ड ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर उक्त मंगल पैठ बाजार को कुरैशी चौराहे से रसूलपुर गढ़ी की तरफ लगाना तय किया था, किंतु अब नगर पंचायत बोर्ड में चल रही गुटबाजी के चलते पुनः मंगल बाजार वाल्मीकि बस्ती से पड़ाव चौक की तरफ भरने लगा, जिससें पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। मंगलवार को मौहल्ला मुश्तर्क निवासी शिक्षिका शबिस्ता पत्नी शाकिब कुरैशी स्कूल की छुट्टी के बाद घर पहुँची, तो अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गयी, जिस पर शिक्षिका के पति ने उसे उपचार के लिए ले जाने के लिए एम्बुलेंस को फोन किया, तो एम्बुलेंस मंगल पैठ बाजार के जाम में फंस गई और समय पर नही पहुँची, जिसके चलते बीमार शिक्षिका की हालत और बिगड़ गई कड़ी मशक्कत के बाद काफी देर बाद बामुश्किल परिजन शिक्षिका को उपचार के लिए ले जा सकें, किन्तु मेरठ पहुँचते-पहुँचते शिक्षिका की हालत और गंभीर हो गयी और उसे मेरठ के एक निजी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। महिला के पति शाकिब के अनुसार अभी की हालत गंभीर बनी हुई है। नागरिक राशिद कुरैशी, शाकिब कुरैशी, दिलशाद अंसारी, वीरेन्द्र, बिन्नू चावड़ा, दिलशाद कस्सार आदि ने जिलाधिकारी से तत्काल मंगल पैठ बाजार यहाँ से हटवाने की मांग की है।

....इन्होंने कहा कि जानकारी लगी है कि एक सभासद पुत्र द्वारा अपने निजी हित के लिए जबरन यहाँ मंगल पैठ बाजार लगवाया जा रहा है। इस स्थान से तत्काल पैठ बाजार को बंद कराया जाएगा। यहाँ लगाने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।

**▶▶ जमील अहमद चेयरमैन नगर पंचायत मीरापुर**

# कुट्टू का आटा खाने से 200 लोग बीमार, आप ने कहा- 4 इंजन वाली सरकार डांडिया खेल रही

**नई दिल्ली, 23 सितंबर (एजेंसी)।** नवरात्री के पहले दिन दिल्ली में कुट्टू का आटा खाने से हड़कंप मच गया। दिल्ली के कई इलाकों में लगभग 200 लोग इस आटे को खाने से बीमार हो चुके हैं। बीमार हुए लोगों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीजेआरएम अस्पताल पहुंचे अधिकतर मरीजों को उल्टी की शिकायत हो रही है। आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि नवरात्रि में व्रती लोगों के खाने में भी मिलावट हो रही है और चार इंजन की सरकार डांडिया खेलने में मग्न है। घटना की जानकारी मिलने के बाद दुल्ली पुलिस ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों को सतर्क किया और फूड विभाग को इस बात की जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार, सभी मरीजों की हालत स्थिर है। नवरात्रि के पहले दिन कई लोगों को कुट्टू का आटा खाना उनकी सेहत के लिए महंगा पड़ गया। दिल्ली के कई इलाकों में 150 से 200 लोग इस कुट्टू के आटे को खाने से बीमार पड़ गए, जिनमें जहांगीरपुरी, महेन्द्रा पार्क, समयपुर, भलस्वा डेरी, लाल बाग और स्वरूप नगर इलाके शामिल हैं। बीमार लोगों को बाबू जगजीवन राम अस्पताल और बुराड़ी अस्पताल ले जाकर भर्ती किया गया।

आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि दिल्ली में मिलावटी कुट्टू का आटा खाने से सैकड़ों लोगों की तबियत खराब हो गई है। बाबू जगजीवन राम और बुराड़ी अस्पताल में सैंकड़ों लोगों के भर्ती होने की खबर है। इसके आगे विधायक ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि सोचिए नवरात्रि में शुद्ध माने जाने वाले व्रती लोगों के खाने में भी मिलावट हो रही है और चार इंजन की सरकार डांडिया खेलने में मग्न है। नवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार माना जाता है। इस पावन अवसर पर हिंदू लोग 9 दिन तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान कई लोग व्रत रखते हैं और कई जगह गरबा डांडिया का भी आयोजन किया जाता है।

# गजरौला में जहरीली गैस से बिगड़े हालात, काबू करने में एनडीआरएफ को लगे पांच घंटे, कंपनी से हुआ था रिसाव

**अमरोहा, 23 सितंबर (एजेंसी)।** बेस्ट क्रॉप साइंस लिमिटेड द्वारा छोड़ी गई जहरीली गैस से बिगड़े हालात सामान्य करने में नोएडा से आई एनडीआरएफ की टीम को पांच घंटे का समय लगा। एडीएम, एसडीएम, सीओ, ईओ, दमकलकर्मी सुबह पांच बजे तक फैक्टरी में रहकर जानकारी लेते रहे। रात में ही सूचना मिलने के बावजूद 15 घंटे बाद दोपहर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम फैक्टरी में पहुंची और रिसाव की जानकारी ली। औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे लाइन किनारे स्थित फैक्टरी में खेती में इस्तेमाल किए जाने वाली कीटनाशक दवाइयां बनाई जाती हैं। उसके वेयर हाउस में सोमवार रात करीब 50 टन कच्चा माल रखा था। जिससे पेस्टीसाइड बनाया जाता है। फैक्टरी के प्रशासनिक अधिकारी सुबोध कुमार गुप्ता ने बताया कि वेयर हाउस में रखे कच्चे माल में सीओ-2 व एनओ-2 का एक दूसरे के संपर्क में आ जाने के कारण रात करीब आठ बजे धुआं उठने लगा। यह थोड़ी ही देर में पूरे इलाके में फैल गया। आसमान में धुंध छा गई। अल्लीपुर भूड़, तिगरिया भूड़, लक्ष्मी नगर, नाईपुरा, हसनपुर मार्ग पर चौपला के साथ ही नजदीकी गांवों छोया, लिसड़ी बुजुर्ग, सिहाली जागीर आदि गांवों में भी कोहरे जैसी यह धुंध फैल गई। लोगों को सांस लेना दूभर हो गया। आंखों में जलन होने के कारण लोग घरों से बाहर निकल आए थे। जिसकी जानकारी मिलने पर रात 11 बजे एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया, एडीएम वित्त एवं राजस्व, ईओ ललित कुमार आर्य मौके पर पहुंचे। यहां पर छा रही धुंध से बिगड़े हालत देख एसडीएम ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम को सूचना दी। सूचना पाकर दमकल कर्मी भी पहुंच गए। प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए बनी टीम रात में नहीं आई। वह सूचना मिलने के 15 घंटे बाद दोपहर एक बजे फैक्टरी में पहुंची। उधर रात में करीब एक 12 आई एनडीआरएफ की टीम फैक्टरी में गैस रिसाव पर काबू पाने में जुट गई। तड़के करीब 5 बजे तक उसने हालात पर काबू पाया। तब तक अधिकारी व कर्मचारी फैक्टरी में ही डटे रहे। बेस्ट क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी का वेयर हाउस कच्चे माल से भरा हुआ था। उससे गैस का इस कदर रिसाव हुआ कि फैक्टरी में काम करने वाले कर्मचारियों की भी हालत बिगड़ने लगी। इस बीच नगर के लोगों की हालत खतरे में देख एडीएम व एसडीएम ने गैस रिसाव का ठिकाना वेयर हाउस को तोड़ने के निर्देश दिए। जिस पर हाइड्रा बुलाया गया। उसे तोड़ा गया। तब जाकर कुछ हालात सामान्य हुए। दोपहर को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने फैक्टरी का निरीक्षण किया। गैस रिसाव के कारणों की जानकारी ली।

## शेष : माँ दुर्गा की तीसरी शक्ति

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम 'चन्द्रघण्टा' है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इनका यह स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घण्टे के आकार का अर्धचन्द्र है, इसी कारण से इन्हें चन्द्रघण्टा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनके दस हाथ हैं। इनके दसों हाथों में खड्ग आदि शस्त्र तथा बाण आदि अस्त्र विभूषित हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिये उद्यत रहने की होती है। इनके घण्टे की सी भयानक चण्डध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य-राक्षस सदैव प्रकम्पित रहते हैं। नवरात्र की दुर्गा-उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चन्द्रघण्टा की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगन्धियों का अनुभव होता है तथा विविध प्रकार की दिव्य ध्वनियां सुनायी देती हैं। ये क्षण साधक के लिये अत्यन्त सावधान रहने के होते हैं। मां चन्द्रघण्टा की कृपा से साधक के पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं। इनकी आराधना सद्यः फलदायी हैं। इनकी मुद्रा सदैव युद्ध के लिये अभिमुख रहने की होती है, अतः भक्तों के कष्ट का निवारण ये अत्यन्त शीघ्र कर देती हैं। इनका वाहन सिंह है अतः इनका उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है। इनके घण्टे की ध्वनि सदा अपने भक्तों की प्रेत-बाधादि से रक्षा करती रहती है। इनका ध्यान करते ही शरणागत की रक्षा के लिये इस घण्टे की ध्वनि निनादित हो उठती है। दुष्टों का दमन और विनाश करने में सदैव तत्पर रहने के बाद भी इनका स्वरूप दर्शक और आराधक के लिये अत्यन्त सौम्यता एवं शान्ति से परिपूर्ण रहता है। इनकी आराधना से प्राप्त होने वाला एक बहुत बड़ा सद्गुण यह भी है कि साधक में वीरता-निर्भयता के साथ ही सौम्यता एवं विनम्रता का भी विकास होता है। उसके मुख, नेत्र तथा सम्पूर्ण काया में कान्ति-गुण की वृद्धि होती है। स्वर में दिव्य, अलौकिक, माधुर्य का समावेश हो जाता है। मां चन्द्रघण्टा के भक्त और उपासक जहां भी जाते हैं लोग उन्हें देखकर शान्ति और सुख का अनुभव करते हैं। ऐसे साधक के शरीर से दिव्य प्रकाशयुक्त परमाणुओं का अदृश्य विकिरण होता रहता है। यह दिव्य क्रिया साधारण चक्षुओं से दिखलायी नहीं देती, किन्तु साधक और उसके सम्पर्क में आने वाले लोग इस बात का अनुभव भली-भांति करते रहते हैं। हमें चाहिये कि अपने मन, वचन, कर्म एवं काया को विहित विधि-विधान के अनुसार पूर्णतः परिशुद्ध एवं पवित्र करके मां चन्द्रघण्टा के शरणागत होकर उनकी उपासना- आराधना में तत्पर हों। उनकी उपासना से हम समस्त सांसारिक कष्टों से विमुक्त होकर सहज ही परमपद के अधिकारी बन सकते हैं। हमें निरन्तर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखते हुए साधना की ओर अग्रसर होने का प्रयत्न करना चाहिये। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिये परम कल्याणकारी और सद्गति को देने वाला है।